मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 11 जुलाई, 1990 (आषाढ़ 20, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. वित्त मंत्री का वक्तव्य एवं पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री राज्य की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति के संबंध में वक्तव्य देंगे और तत्संबंधी श्वेतपत्र सदन के पटल पर रखेंगे.

(2) डॉ. भंवरसिंह पोर्ते, राज्य मंत्री, पशुधन डेयरी विकास, मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम अधिनियम, 1982 (क्रमांक 37 सन् 1982) की धारा 27 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1987-88 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री नन्दकुमार पटेल, सदस्य, रायगढ़ जिले के खरसिया नगर की गुड़ाखू फैक्ट्रियों से प्रदूषण फैलने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री मोतीलाल वोरा, सदस्य, जगदलपुर में पत्रकारों की डाक गुप्तचर पुलिस कर्मियों द्वारा खोले जाने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री रामानन्द सिंह, सदस्य, देवास जिले के हिन्द सिंटेक्स कारखाने में तालाबंदी से श्रमिकों में बेरोजगारी फैलने की ओर, राज्य मंत्री श्रम का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री लक्ष्मीनारायण पटेल, सदस्य, विदिशा जिले की बासौदा एवं कुरवाई तहसील की पत्थर खदानों से अवैध उत्खनन होने की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 1990-91 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

निर्धारित समय			
1 घन्टा	(1)	मांग संख्या 30	पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित व्यय.
		मांग संख्या 62	ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं.
		मांग संख्या 38	रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त व्यय.
		मांग संख्या 50	बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय.
3 घन्टे	(2)	मांग संख्या 27	स्कूल शिक्षा.
		मांग संख्या 43	खेल और युवक कल्याण.
		मांग संख्या 44	उच्च शिक्षा.
		मांग संख्या 71	वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन---शिक्षा.

भोपाल :
दिनांक 10 जुलाई, 1990.

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.